कोटद्वार,रविवार
19 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 29 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन

अयोध्या , दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार के साथ रामलला के दर्शन किए।

इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति मंदिर परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक रहे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण सहित पूरे परिसर को देखा। इस दो दिवसीय यात्रा में करीब 80 लोगों को समूह उनके साथ है। उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में थे। पूर्व राष्ट्रपति रामलला के दर्शन–पूजन के बाद कुबेर टीला भी गये और पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक नतमस्तक हुए।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी पहुंच गए थे। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह वंदे भारत ट्रेन से परिवार समेत अयोध्या पहुंचे। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से सभी जैन मंदिर पहुंचे। इसके बाद पूरे परिवार के साथ पूर्व राष्ट्रपति मां सरयू के तट पर दर्शन–पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने सरयू की आरती उतारी। फिर हनुमान जी के दरबार पहुंचकर दर्शन किये। पत्रकारों से बातचीत में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सरयू आरती में भाग लेना अपने आप में एक दिव्य अनुभूति है। ऐसा लगता है कि हम 500 वर्ष पूर्व के कालखंड में पहुंच गये हैं। सरयू की कृपा और बहुत सारे कारणों से राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है। जैन मंदिर के व्यवस्थापक विजय कुमार जैन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की यह पूर्ण रूप से धार्मिक यात्रा है।

### टाटा स्टील के इंडिया सेल्स प्रमुख की हत्या में शामिल 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

गाजियाबाद ,। गाजियाबाद पुलिस और बदमाश के बीच बीती देर रात हुई मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह 3 मई को शालीमार गार्डन में टाटा स्टील के एक ब्रांड के इंडिया सेल्स प्रमुख की हत्या में शामिल था। उस मामले में उसका दूसरा साथी 10 मई को मुठभेड़ में मारा गया था।

पुलिस ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध हथियार और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने बताया है की 17–18 मई की रात पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कौशांबी इलाके में एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया।

युवक रुकने की बजाय भागने लगा। जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आमिर घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी के साथ 3 मई को विनय त्यागी की हत्या और लूट के मामले में शामिल था।त्यागी टाटा स्टील के ब्रांड टाटा प्रवेश के इंडिया सेल्स प्रमुख के पद पर थे। कंपनी इस ब्रांड के तहत घरों के लिए तैयार खिड़कियां और दरवाजे बनाती है।इससे पहले गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके में 10 मई को पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ में त्यागी की हत्या में शामिल एक बदमाश को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। मारे गए आरोपी का नाम अक्की उर्फ दक्ष, निवासी सीलमपुर था।

### नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

विकासनगर। सेलाकुई क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी में नौकरी का झांसा देकर एक युवक ने युवती से दुष्कर्म किया। युवती आठ माह की गर्भवती है। युवती का आरोप है कि अब आरोपी शादी से इंकार कर रहा है। शुक्रवार को युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सेलाकुई शैंकी कुमार ने बताया कि सेलाकुई क्षेत्र की एक युवती ने तहरीर दी है। बताया कि वह क्षेत्र की एक कंपनी में पांच साल से काम करती थी। पांच साल पहले उसकी जान–पहचान संजीव नाम के एक युवक से हो गई। संजीव ने उसे नौकरी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वह इस समय आठ माह की गर्भवती है।

# चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट विधि विधान के साथ खुले

### सैकड़ों शिव भक्तों ने किए भगवान रुद्रनाथ के दर्शन




**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जनपद के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित पंच केदारों में से चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त में ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। इस मौके पर यहां मुख्य पुजारी आचार्य वेद प्रकाश भट्ट ने पौराणिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना कर मंदिर के कपाट खोले। मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने भगवान रुद्रनाथ के दक्षिणमुखी मुखारबिंद के निर्वाण दर्शन कर पूजा अर्चना की।रुद्रनाथ भगवान की विग्रह डोली ने 16 मई को अपने शीतकालीन गद्दी स्थली गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ मंदिर के लिये प्रस्थान किया। जिसके बाद यात्रा रात्रि प्रवास के लिये ल्वींटी बुग्याल पहुंची। जहां 17 मई को प्रातः कालीन पूजा अर्चना के बाद चल विग्रह दोपहर में रुद्रनाथ धाम पहुंचा। जहां शनिवार को पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर उम्मीदें ग्रुप और गोपीनाथ रुद्रनाथ मंदिर समिति की ओर से मंदिर को गेंदे के फूलों से सजाया गया था। जबकि उम्मीदें ग्रुप की ओर से मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। पंडित हरीश भट्ट का कहना है कि रुद्रनाथ देश में एकमात्र मंदिर है। जहां भगवान शिव के दक्षिणमुखी एकानन मुखमंडल के दर्शन होते है। ऐसे में यह स्थान शिव भक्तों के लिये पौराणिक काल से ही आस्था और विश्वास का प्रतीक रहा है। इस मौके पर मनोज बिष्ट, प्रबोध डिमरी, प्रवीण, मनोज जुयाल, अमित एस नेगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अभी अगले पांच दिन तक पड़ेगी प्रचंड गर्मी, देश के कई हिस्सों में पारा 47 पार

नई दिल्ली। सावधान, प्रचंड गर्मी के चलते स्वास्थ्य के प्रति बेहद सजग रहें। अभी अगले पांच दिन उत्तर–पश्चिम भारत में भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ने की आशंका है।


शनिवार को भी उत्तर भारत के कई इलाके प्रचंड गर्मी की चपेट में रहे। लू के थपेड़ों से लोग परेशान रहे। चूरू में तापमान 47 डिग्री पर पहुंच गया। एक रोज पूर्व तो पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ में तो तापमान 47.4 डिग्री पर पहुंच गया था जोकि इस साल अब तक सर्वाधिक तापमान रहा। यही नहीं, हरियाणा के सिरसा में भी तापमान 47 डिग्री को पार कर गया था।

**आईएमडी ने इस संबंध में चेतावनी भी जारी की**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस संबंध में चेतावनी भी जारी की है। उसने अगले पांच दिन उत्तर–पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने और अगले तीन दिन पूर्वी व मध्य क्षेत्रों में लू चलने का अनुमान जताया है।

# श्रीलंका को तीन बड़ी परियोजनाओं का तोहफा देने की तैयारी

### भारत के इस कदम से चीन में मचेगी खलबली



नई दिल्ली। केंद्र की आगामी सरकार पड़ोसी देश श्रीलंका को तीन बड़ी परियोजनाओं का तोहफा देगी। पहला होगा भारत और श्रीलंका के बीच समुद्र में एक पुल का निर्माण का करना।

दूसरा, श्रीलंका के बिजली वितरण सेक्टर को भारत के पावर ग्रिड से जोड़ना और तीसरी परियोजना होगी दोनों देशों के बीच गैस व तेल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बनाना। यह तीनों परियोजनाओं के लिए बातचीत पिछले साल जब श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे नई दिल्ली आये थे तब पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ हुई थी। भारत में चल रहे चुनाव के बावजूद दोनों देशों की सरकारों के बीच उक्त तीनों परियोजनाओं के लिए बातचीत जारी है। इसकी जानकारी स्वयं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी है।

**चीन के बढ़ते असर को खत्म करने के लिए उठाया कदम**

वह शुक्रवार को उद्योग जगत सीआईआई के एक सेमिनार में अभिभाषण देने के बाद दी। उक्त तीनों परियोजनाओं के लिए पूरी आर्थिक मदद भारत सरकार ही मुहैया कराएगी। पड़ोसी देश को उक्त तीनों परियोजनाओं से मदद पहुंचाने की योजना भारत ने पड़ोसी देश पर चीन के बढ़ते असर को खत्म करने के लिए किया है।


**श्रीलंका पेट्रोलियम उत्पादों के लिए आयात पर निर्भर**

श्रीलंका पेट्रोलियम उत्पादों के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। अभी तक भारतीय कंपनी इंडियन ऑयल (आईओसी) काफी हद तक इस आपूर्ति को पूरा करती है। आईओसी ने इसके लिए श्रीलंका में एक सब्सिडियरी भी बना ली है। लेकिन चीन की कोशिश है कि वह श्रीलंका में एक तेल रिफाइनरी लगाये। हाल ही में चीन की एक कंपनी ने वहां 4.5 अरब डॉलर के निवेश से एक रिफाइनरी लगाने का प्रस्ताव किया है।

**हिंद महासागर में हो सकता है कच्चे तेल का भंडार**

सूत्रों का कहना है कि चीन के इस प्रस्ताव के बाद से ही भारत ने बांग्लादेश के लिए बिछाई गई फ्रेंडशिप पाइपलाइन के तर्ज पर श्रीलंका को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए एक रिफाइनरी बनाने के काम पर विमर्श तेज कर दिया है।

# प्रकृति प्रेमियों के लिए 1 जून से खुलेगी फूलों की घाटी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रेक 01 जून,2024 से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। फूलों की घाटी ट्रेक अपने फूलों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। फूलों की घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगी फूल खिलते है। प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के बिहंगम नजारे भी देखने को मिलते है। फूलों की घाटी 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी। उप वन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल 1 जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा।

## हरियाणा के नूंह में टूरिस्ट बस में लगी आग, आठ की मौत, कई घायल

नूंह ,हरियाणा के नूंह में बीती रात एक टूरिस्ट बस में आग लग जाने से उसमें सवार आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा कई घायल बताये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में करीब 60 लोग सवार थे। वीडियो में सडक़ पर खड़ी बस पूरी तरह आग की चपेट में दिख रही है। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई।

बस में आग लगने के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। अब तक आठ लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल बताये जा रहे हैं।

# चारधाम यात्रा को लेकर हर समय अलर्ट मोड़ में रहे अफसर : धामी

### प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना सरकार की जिम्मेदारी

### मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चारधाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले साल में भी चारधाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़ यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण की ओर भी विचार किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चारधाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी हेतु वैकल्पिक मार्गों पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तराकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओ से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए।



## उच्च रक्तचाप बीमारी नहीं, लक्षण है

डॉ अंशुमान

हमारी नसों में खून के समुचित प्रवाह के लिए एक दबाव या तनाव की जरूरत होती है, जो सीमा से अधिक होने पर उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन कहा जाता है। आम तौर पर उच्च रक्तचाप को एक बीमारी के रूप में देखा जाता है और चिकित्सक भी उसी का उपचार कर रहे हैं। पहले यह मान्यता थी कि सामान्य ब्लड प्रेशर की सीमा 80 और 120 होनी चाहिए। अमेरिकी हार्ट एसोसिएशन ने इसमें बदलाव करते हुए सीमा को 70 और 110 निर्धारित किया है। एथलीटों और अच्छी जीवनशैली वाले लोगों में ब्लड प्रेशर 60 और 100 पाया जाता है। इसे भी उनके लिए सामान्य माना जाना चाहिए। इस सीमा से अधिक या कम होने पर जांच की आवश्यकता होती है। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि हाइपरटेंशन एक बीमारी नहीं है, बल्कि कुछ बीमारियों का लक्षण है। लक्षण के निर्धारण के लिए रक्तचाप को दो प्रकारों में बांटा गया है– प्राइमरी हाइपरटेंशन और सेकेंडरी हाइपरटेंशन। भारत में अधिकतर लोगों को प्राइमरी हाइपरटेंशन की समस्या है। यह वह स्थिति है कि डॉक्टर ने देखा कि व्यक्ति का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है, पर इसका कोई खास कारण नहीं मिला। इसे एसेंशियल हाइपरटेंशन भी कहा जाता है। सेकेंडरी हाइपरटेंशन में बीमारी, जैसे– किडनी की समस्या, हार्ट की कोई खराबी, कोई ट्यूमर आदि– का पता चलता है। इस श्रेणी में ऐसे लोग भी होते हैं, जो दुकान से दवा, खासकर दर्दनिवारक, खरीद खाते हैं। कई दवाओं में ब्लड प्रेशर बढ़ाने वाले तत्व होते हैं। खाने में नमक की मात्रा अधिक होना भी सेकेंडरी हाइपरटेंशन का कारण हो सकता है। अक्सर ऐसा होता है कि आपकी जीवनशैली ठीक नहीं है, पर आपका हृदय ठीक काम कर रहा है। वैसे में खून की नालियों में संकुचन आ जाता है और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आधुनिक चिकित्सा में उपाय यह निकाला जाता है कि दवा देकर खून को पतला कर दिया जाए और हाइपरटेंशन कम हो जाए। उस स्थिति में एड्रीनलिन शरीर के अन्य हिस्सों– मस्तिष्क, हार्ट, किडनी आदि– पर असर करेगा। लेकिन देखा तो यह जाना चाहिए कि नसों में संकुचन क्यों हुआ। अगर व्यक्ति मोटापा का शिकार हो, तो उसे उच्च रक्तचाप की शिकायत हो सकती है। बहुत अधिक कैलोरी के भोजन, जैसे– पिज्जा, बर्गर आदि प्रोसेस्ड फूड, अधिक वसा, नमक और चीनी के सेवन से भी ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। ऐसे व्यक्ति को हृदय रोगों, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। मोटापा बढ़ने से शरीर अधिक इन्सुलिन बनाने लगता है। इन्सुलिन का काम ग्लूकोज कम करना होता है, पर आप उसे बार–बार बढ़ायेंगे, तो वह शरीर में सोडियम और पानी जमा करने लगेगा, जो हाइपरटेंशन का एक कारण बनता है। साठ से अस्सी किलो वजन के व्यक्ति को हर दिन छह ग्राम नमक खाना चाहिए। बहुत अधिक चीनी खाना भी इन्सुलिन स्पाइक करेगा और ब्लड प्रेशर बढ़ेगा। इन आदतों के साथ–साथ लोगों की जीवनशैली सुस्त है। आम तौर पर हमें हर दिन आधे घंटे पैदल व्यायाम करना चाहिए। यहां व्यायाम से मतलब जिम नहीं है। सामान्य कसरत, जैसे टहलना, दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना आदि, से उच्च रक्तचाप की स्थिति को पैदा होने से रोका जा सकता है। लोग अगर हर दिन 10–12 हजार कदम पैदल चलें, तो ब्लड प्रेशर ही नहीं, कई घातक रोगों से बचाव हो सकता है। तनाव हाइपरटेंशन का एक बड़ा कारण है। जैसी शहरी जिंदगी की आपाधापी है, उसमें तनाव होना स्वाभाविक है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि तनाव से एड्रीनलिन के साथ–साथ एक हार्मोन और निकलता है, जो सोडियम और पानी जमा करता है तथा मोटापे का कारण बनता है। इसमें भोजन की खराब आदत और सुस्त होने के पहलुओं को जोड़ लें, तो तनाव एक बेहद चिंताजनक कारक बन जाता है। शराब और धूम्रपान भी उच्च रक्तचाप के बड़े कारण हैं। यह समझना आवश्यक है कि उच्च रक्तचाप सभ्यता के अनियोजित विकास का एक अभिशाप है। जैसे जैसे हमारी वर्तमान सभ्यता और लापरवाह जीवनशैली आगे बढ़ेगी, हाइपरटेंशन की समस्या गंभीर होती जायेगी तथा बीमारियों का बोझ बढ़ता जायेगा। कभी पहले मिट्टी, लोहे, पीतल आदि के बर्तनों में भोजन बनाया जाता था। अब पॉलिश वाले और नॉन–स्टिक बर्तनों का चलन बढ़ता जा रहा है। ऐसे बर्तनों में कुछ तत्व मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बनते हैं। इस सिंड्रोम में हाइपरटेंशन के साथ–साथ डायबिटीज आदि को गिना जाता है। प्लास्टिक में पैक किये गर्म खाने की चीजें भी खतरनाक हैं। यही स्थिति फास्ट फूड के साथ है। ऐसी वस्तुओं को संरक्षित करने के लिए उनमें नमक का अधिक इस्तेमाल होता है। स्वाद में नमक का असर कम करने के लिए चीनी डाली जाती है।

# बेहद महत्वपूर्ण है चाबहार समझौता

अनिल त्रिगुणायत

भारत पहले से ही रूस और ईरान के साथ मिलकर इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में चाबहार बंदरगाह की योजना बनी, जिस पर 2003 से काम चल रहा है। भारत ने उस बंदरगाह में शहीद बहिश्ती टर्मिनल को बनाया है और अनेक भारतीय कंपनियां संबंधित परियोजनाओं से जुड़ी हुई थीं। लेकिन काम अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा था क्योंकि ईरान पर अमेरिकी और पश्चिमी देशों द्वारा कई तरह के प्रतिबंध लगा दिये गये थे। हालांकि चाबहार बंदरगाह परियोजना तकनीकी रूप से प्रतिबंधों के दायरे में नहीं थी, लेकिन अनेक कंपनियों ने अमेरिकी पाबंदियों की आशंका से काम की गति को बहुत धीमा कर दिया था। इसी बीच पाकिस्तान ने चाबहार के नजदीक ही चीन के सहयोग से ग्वादर बंदरगाह बनाने का काम प्रारंभ कर दिया। वह परियोजना चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा योजना का हिस्सा है और उसमें सऊदी अरब का भी बहुत निवेश है। चाबहार में काम धीमा होने के बावजूद भारत और ईरान के बीच परियोजना के बारे में बातचीत होती रही थी। पहले हर साल समझौते का नवीनीकरण होता था तथा भारतीय कंपनी इंडिया ग्लोबल पोर्ट लिमिटेड शहीद बहिश्ती टर्मिनल को संभालती थी। लेकिन परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एक दीर्घकालिक व्यवस्था की आवश्यकता थी।

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन और प्रबंधन तथा परियोजना के आगामी चरण के विकास के लिए हुआ दीर्घकालिक समझौता एक महत्वपूर्ण परिघटना है। यह बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बहुत अहमियत रखता है। पाकिस्तान के साथ खराब संबंध के कारण अफगानिस्तान और मध्य एशिया से हमारा संपर्क एक तरह से पूरी तरह कट गया है। कुछ समय पहले जब भारत 50 हजार टन अनाज मानवीय सहायता के रूप में अफगानिस्तान भेजना चाहता था, तब पाकिस्तान ने बहुत दिनों तक रास्ता देने में कोताही की थी, जबकि उसका दावा है कि वह अफगानिस्तान का दोस्त है। ऐसे में हमारे लिए एक वैकल्पिक मार्ग आवश्यक हो जाता है।

भारत पहले से ही रूस और ईरान के साथ मिलकर इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में चाबहार बंदरगाह की योजना बनी, जिस पर 2003 से काम चल रहा है। भारत ने उस बंदरगाह में शहीद बहिश्ती टर्मिनल को बनाया है और अनेक भारतीय कंपनियां संबंधित परियोजनाओं से जुड़ी हुई थीं। लेकिन काम अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा था क्योंकि ईरान पर अमेरिकी और पश्चिमी देशों द्वारा कई तरह के प्रतिबंध लगा दिये गये थे।

हालांकि चाबहार बंदरगाह परियोजना तकनीकी रूप से प्रतिबंधों के दायरे में नहीं थी, लेकिन अनेक कंपनियों ने अमेरिकी पाबंदियों की आशंका से काम की गति को बहुत धीमा कर दिया था। इसी बीच पाकिस्तान ने चाबहार के नजदीक ही चीन के सहयोग से ग्वादर बंदरगाह बनाने का काम प्रारंभ कर दिया। वह परियोजना चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा योजना का हिस्सा है और उसमें सऊदी अरब का भी बहुत निवेश है। चाबहार में काम धीमा होने के बावजूद भारत और ईरान के बीच परियोजना के बारे में बातचीत होती रही थी। पहले हर साल समझौते का नवीनीकरण होता था तथा भारतीय कंपनी इंडिया ग्लोबल पोर्ट लिमिटेड शहीद बहिश्ती टर्मिनल को संभालती थी। लेकिन परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एक दीर्घकालिक व्यवस्था की आवश्यकता थी।

इस साल जनवरी में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ईरान गये थे, तब इस मसले पर ईरानी राष्ट्रपति रईसी और संबंधित मंत्रियों से उनकी चर्चा हुई थी। उसी समय यह तय हुआ था कि ईरान पूरे चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन एवं संचालन का जिम्मा भारत को देगा। उस दौरे में भारत ने 120 मिलियन डॉलर के निवेश तथा 250 मिलियन डॉलर के वित्त पोषण के लिए सहमति दी थी। दोनों देशों ने यह भी तय किया है कि यह बंदरगाह इंटरनेशनल नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर का हिस्सा भी होगा। इस बंदरगाह के माध्यम से हमारे लिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का सरल रास्ता मिल जायेगा। अब इसके लिए हमें पाकिस्तान की आवश्यकता नहीं होगी। उन देशों को भी भारतीय बाजार और हिंद महासागर से जुड़ने का अवसर मिल सकेगा।

यह बहुत अजीब बात है कि समझौते होने के साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग का एक बयान आ गया कि जो देश ईरान के साथ आर्थिक संबंध रखेंगे, उन्हें भी प्रतिबंधों के दायरे में लाया जा सकता है। अमेरिका को यह अच्छी तरह से मालूम है कि अफगानिस्तान को मदद की दरकार है ताकि वह संकट और अस्थिरता से निजात पा सके। मध्य एशिया खुद अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और वह वहां पैठ बनाने की कोशिश भी कर रहा है। अगर वह भारत के साथ मिलकर मध्य एशिया से अपने जुड़ाव को बेहतर करता, तो वह अच्छी बात होती। चाबहार परियोजना में यदि वे भारत के लिए अवरोध पैदा करते हैं, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित ही कहा जायेगा।

पहले उसने चाबहार परियोजना को पाबंदियों के दायरे से बाहर रखा था। उसे आगे भी ऐसा ही रवैया अपनाना चाहिए। अमेरिका को ऐसा नहीं करना चाहिए कि वह जिस डाल पर बैठा हो, उसे ही काटने लगे। जैसा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है, अमेरिका भी मानता रहा है कि चाबहार परियोजना पूरे क्षेत्र के लिए फायदेमंद है। इसी समझ के कारण इसे प्रतिबंधों से अलग रखा गया था। अमेरिका के हालिया बयान से यही संकेत मिलता है कि वह इस परियोजना पर भी पाबंदी लगाने के चक्कर में है। अपने भू–राजनीतिक एजेंडे के तहत अगर अमेरिका ऐसा करता है, तो इससे भारत को नुकसान तो होगा, उसको भी कोई लाभ नहीं होगा।

अमेरिका चाहे जो कहे, भारत चाबहार बंदरगाह को लेकर गंभीर है। अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापक रणनीतिक समझौता है। इसके प्रावधानों और प्रक्रियाओं के तहत दोनों पक्षों में इस मसले पर बातचीत होगी। तब भारत उसके समक्ष इस परियोजना के बारे में समुचित जानकारी रखेगा और आशा है कि अमेरिका की प्रतिक्रिया भी सकारात्मक होगी। इस संबंध में भारत को किसी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। मूल बात यह है कि हमें अपने हितों को प्राथमिकता देनी है। मध्य एशिया से जुड़ाव और इंटरनेशनल कॉरिडोर हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसमें चाबहार एक आवश्यक कड़ी है। अगर अमेरिका अपनी बात पर अड़ा भी रहता है, तब भी इस परियोजना से भारत के हटने का कोई सवाल पैदा नहीं होता। अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता एक जरूरी मुद्दा है। इसमें भारत उल्लेखनीय योगदान दे सकता है। मध्य एशिया के देश लंबे समय से चीन और रूस के बीच झूलते रहे हैं। उन्हें भी दूसरे देशों की जरूरत है। वे भारत से संबंध बढ़ाने के साथ–साथ तुर्की और अमेरिका से भी निकटता बढ़ा रहे हैं।मेरा मानना है कि अमेरिका वैसे तो बयानबाजी करेगा, पर आखिरकार वह यह समझेगा कि उसने पहले चाबहार को महत्वपूर्ण क्यों कहा था और क्यों इसे पाबंदियों से अलग रखा था। यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि रूस और ईरान ऐसे देश हैं, जिन पर अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ढेरों प्रतिबंध लगाये हैं। इन देशों को अगर कोई फायदा होता दिखेगा, तो अमेरिका जरूर अड़ंगा लगाने की कोशिश करेगा।

## अर्थव्यवस्था मजबूत करते सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

सतीश सिंह

कुछ क्षेत्र अत्यंत पिछड़े थे, जैसे– आधारभूत संरचना व शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं। चूंकि निजी क्षेत्र सुधारात्मक पहल नहीं कर रहे थे, इसलिए सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं को मूर्त रूप दिया और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना की, ताकि एक निश्चित समय में समावेशी विकास की संकल्पना को साकार किया जा सके। देश में मिनी रत्न, नवरत्न और महारत्न कंपनियों की स्थापना की गयी और इनकी वित्तीय जरूरतों को पोषित करने, आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने, वित्तीय समावेशन की संकल्पना को साकार करने, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।आजादी के समय देश में लगभग 11 सौ छोटे–बड़े निजी बैंक थे, जिनका मुख्य मकसद मुनाफा कमाना था। सामाजिक सरोकारों को पूरा करते हुए मुनाफा कमाने और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण एक जुलाई 1955 को किया गया, जबकि अन्य बैंकों का 1969 और 1980 में।साल 2017 में देश में 27 सरकारी बैंक थे, जिनकी संख्या समेकन के बाद अप्रैल 2020 में घटकर 12 हो गयी। बैंक कॉरपोरेट, आधारभूत संरचना, जैसे– सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, कृषि प्रसंस्करण, रेल कारखाना, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट, बंदरगाह आदि, सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्योगों, कृषि व संबद्ध क्षेत्र, जैसे– पशुपालन, डेयरी, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्योग, ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वित्त पोषण का काम कर रहे हैं। बैंक ग्रामीणों को बैंक से जोड़ने, महिलाओं का सशक्तीकरण करने, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देने जैसे काम भी कर रहे हैं।

जनवरी 2023 तक भारत में 12 महारत्न, 13 नवरत्न कंपनियां और 62 मिनीरत्न कंपनियां थीं। आर्थिक रूप से मजबूत और मुनाफे वाली कंपनियां होने के कारण ये कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध होती हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) और राज्य स्तरीय सार्वजनिक उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया है।


सीपीएसई को भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय नियंत्रित करता है तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए नोडल विभाग के रूप में काम करता है। वित्त वर्ष 1996–97 में सार्वजनिक क्षेत्र की वैसी कंपनियों को नवरत्न का दर्जा दिया गया, जो पहले से मिनी रत्न कंपनियों में वर्गीकृत थीं और उनके प्रदर्शन में निरंतर सुधार हो रहा था। सरकार को लग रहा था कि अगर इन्हें नवरत्न का दर्जा देकर कुछ और विशेष अधिकार एवं वित्तीय स्वायत्तता दी जाए, तो इनका प्रदर्शन और बेहतर हो सकता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, एनबीसीसी लिमिटेड, एनएमडीसी लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, रेल विकास निगम लिमिटेड, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड आदि नवरत्न कंपनियां हैं। सरकार ने फरवरी 2010 में महारत्न योजना लेकर आयी और मुनाफा, पर्याप्त पूंजी उपलब्धता, कम उधारी, तरलता, वित्तीय स्वायत्तता आदि मानकों पर खरा उतरने वाली नवरत्न कंपनियों को महारत्न कंपनी का दर्जा दिया गया। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड 12 महारत्न कंपनियां हैं। अमूमन निजी क्षेत्र आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए आगे नहीं आते हैं। इसलिए सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का गठन किया। आज मिनीरत्न, नवरत्न, महारत्न कंपनियां और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। इनकी वजह से विकास को गति मिल रही है।

# राजनीतिक कब्रिस्तान में दफन हो गये लोकसभा चुनाव में मुद्दे

हमारे देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में मुद्दे मर चुके हैं और वे अनर्गल प्रलापों के राजनीतिक कब्रिस्तान में दफन हो चुके हैं। अभद्रता हावी हो चुकी है। लड़ाई उच्च नैतिक आधार से शुरू हुई थी। वह लड़ाई 2047 में विकसित भारत बनाने और सभी के लिए न्याय के बीच थी। कई दिनों तक मुद्दे शासन में सक्षम सरकार चुनने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को तबाह करने वाली पार्टी को हराने के इर्द–गिर्द घूम रहे थे।भाजपा और प्रधानमंत्री ने अपने अभियान का प्रारंभ विकास के अस्त्र के साथ किया था। भगवा खेमे के नेता हर दिन 35 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने, सौ नये हवाई अड्डे बनाने, आतंकी हमले और सांप्रदायिक दंगे रोकने, रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के बढ़ते महत्व जैसी एक दशक की सरकार की उपलब्धियों का प्रचार कर रहे थे। "मोदी की गारंटी" का स्वर्णिम संकल्प एक ऐसे नेता पर विश्वास का आह्वान था, जिसने वादों से कहीं अधिक काम कर दिखाया है। विपक्षी पार्टियां अतीत के अपने कार्यों तथा भविष्य के वादों तक सीमित थीं। जब मोदी ने भारत की समस्याओं के लिए गांधी परिवार को दोषी ठहराया, तो कांग्रेस ने इस पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक एवं औद्योगिक भारत की नींव उसके संस्थापकों द्वारा रखी गयी थी।यहां तक तो सब ठीक था, पर जल्दी ही परिदृश्य बदल गया। नेताओं का ध्यान व्यापक परिप्रेक्ष्य से हट गया और वे मामूली मसलों पर झगड़ने लगे। चुनाव दो नकारात्मक आख्यानों के झंझट में बदल गया। आधी सीटों पर मतदान होने तक राजनीतिक प्रतिस्पर्धियों के बीच का माहौल विषाक्त हो गया। नेता, समर्थक और प्रायोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जातिगत एवं सांप्रदायिक बातों को उठाकर बेशर्मी से प्रचार अभियान को गर्त में ले जाने लगे। यह चुनाव अब व्यक्तिगत झगड़ा बन गया है। अल्पसंख्यक, मंगलसूत्र और मंदिर राजनीतिक सलीब के घाव बन चुके हैं। चुनाव आक्रामक मोदी और प्रयासरत राहुल के बीच की लड़ाई बन गयी है।लोकतंत्र के असली चौकीदार भारत के लोग हैं। हर पांच साल बाद लोग बड़े घरों, फ्लैटों, गांवों, झुग्गियों आदि से भारी तादाद में निकलते हैं और शासक वर्गों के भाग्य का निर्धारण करते हैं। यह एक ऐसी सेना है, जो सरकार बना और हटा सकती है। भारत के लोग मतदान के दिन को सशक्तीकरण के दिन के रूप में देखते हैं, न कि सत्ता हड़पने के दिन के तौर पर। वे स्वच्छ वाणी और स्वच्छ शासन की अपेक्षा रखते हैं।इस प्रक्रिया में मोदी ने राहुल और कांग्रेस को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के तौर पर परिभाषित किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस शहजादा रफाल मुद्दे के नाकाम होने के बाद पांच उद्योगपतियों का नाम ले रहे थे और फिर वे अंबानी–अदानी कहने लगे, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने ये दो नाम लेना भी बंद कर दिया है। मोदी ने आगे पूछा कि अंबानी और अदानी से कितने पैसे मिले हैं कि अब उनका नाम नहीं लिया जा रहा है। दाल में कुछ काला होने के मोदी के इस भाषण से उनके कट्टर समर्थकों को भी अचरज हुआ। लेकिन मोदी ने यह बात तेलंगाना में इसलिए कही क्योंकि हाल में वहां की कांग्रेस सरकार ने 12,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए अदानी समूह से करार किया है।भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह ने यह स्पष्ट किया है कि यह चुनाव मोदी और राहुल के बीच है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा है कि मतदाताओं को मोदी की "भारतीय गारंटी" और राहुल की "चीनी गारंटी" में से चुनाव करना है। शाह कट्टर भगवा गद्य का इस्तेमाल कर हिंदुत्व–आधारित विचारधारात्मक अभियान के लिए माहौल बना रहे हैं। वे भले तेलंगाना में बोल रहे थे, पर उनका संदेश देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए था।उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एआइएमआइएम को "तुष्टिकरण की तिकड़ी" बताते हुए कहा कि ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। हैदराबाद में प्रचार करते हुए अभी–अभी भाजपा में आयीं महाराष्ट्र से सांसद नवनीत राणा ने 2013 में अकबरूद्दीन ओवैसी के एक भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पंद्रह मिनट के लिए पुलिस हटा लो, हम दिखा देंगे कि हम क्या कर सकते हैं।

# चंदू चैंपियन का धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ रिलीज, लंगोट में नजर आए कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर एक्टर हैं. फिलहाल कार्तिक अपनी अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर सुर्खियों में हैं. एक्टर की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. इन सबके बीच फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ाते हुए फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट आज रिलीज कर दिया गया है. पोस्टर में कार्तिक पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में देखने नजर आ रहे हैं.




फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर उम्मीद से परे है, जी हां! यह शॉकिंग और बेहद अनोखा है वैसा जैसा किसी ने भी नहीं सोचा था. पोस्टर में कार्तिक आर्यन एक रेसलर के लुक में दिख रहे हैं उन्होंने लाल रंगा लंगोट पहना हुआ है और वे जी जान लगाते हुए दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं. पोस्टर फिल्म को बहुत ही मासी अपील देता है. कार्तिक आर्यन फर्स्ट लुक में बेहद कॉन्फिडेंट भी दिख रहे हैं.पोस्टर में आर्यन की मेहनत और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन साफ नजर आ रहा है. इस पोस्टर पर लिखा है, एक आदमी जिसने सरेंडर करने से इनकार कर दिया कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि वह अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और खास फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए बेहद एक्साइटेड और प्राउड हैं.फिल्म के इस धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर के रिलीज होने के बाद फैंस में अब फिल्म के लिए एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर पहुंच गई है.वहीं कार्तिक आर्यन को लंगोट पहने रेस्लर के अवतार में देखना यकीन सरप्राइजिंग है और फर्स्ट लुक पोस्टर से यह पक्का हो जाता है कि वह एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉर्मेंस देने वाले हैं.ऐसे में कार्तिक आर्यन को चंदू चैंपियन में देखना बेहद दिलचस्प होगा. इस फिल्म की कहानी की बात करें तो ये मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर बेस्ड हैं. बता दें कि पेटकर एक स्वर्ण पदक विजेता हैं जिन्होंने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों और फिर 1972 में जर्मनी में आयोजित पैरालिंपिक में देश को गौरव कराया था.

## अपने आखिरी मैच में नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेगी पंजाब किंग्स

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। पंजाब किंग्स की टीम मौजूदा सीजन में अब तक 13 मैचों में से सिर्फ पांच ही मैच में जीत हासिल कर सकी है, जबकि 8 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। अब पंजाब किंग्स को अपना आखिरी लीग मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 19 मई को खेलना है। इस मैच से पहले पंजाब किंग्स ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक बड़ा एलान किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेगी। आइए जानते हैं कौन पंजाब किंग्स की कप्तानी करता हुआ नजर आएगा। दरअसल, आईपीएल 2024 के शुरुआत में शिखर धवन टीम की कप्तानी कर रहे थ, लेकिन बीच सीजन इंजरी के चलते उनकी जगह सैम करन को टीम की कमान सौंपी गई।

# रोहित की फॉर्म पर क्या बोले सुनील गावस्कर

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल वही है जो आप चाहते हैं। दरअसल, शुक्रवार, 17 मई को आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए रोहित ने अर्धशतकीय पारी खेली।

मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में पांच खिताब जिताने के बाद रोहित को कप्तानी से हटा दिया गया। इसके चलते रोहित शर्मा का आईपीएल 2024 में प्रदर्शन उतार–चढ़ाव भरा रहा। रोहित ने स्वीकार किया कि वह इस सीजन वो अपने मानकों पर खरे नहीं उतरे, लेकिन अपने प्रदर्शन पर किसी भी तरह की चिंता से इनकार किया।

### 38 गेंद पर बनाए 68 रन

रोहित ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिर्फ 38 गेंद में 68 रन की तूफानी पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की।



हालांकि, टक को सीजन की 10वीं हार का सामना करना पड़ा और 17 मई, शुक्रवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सीजन के अपने आखिरी घरेलू मैच में 18 रन से मात मिली। इसके बावजूद सुनील गावस्कर ने कहा कि रोहित को इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना सुखद रहा।

### रोहित शर्मा की पारी कही

### यह बड़ी बात

स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव में क्रिकेट विशेषज्ञ की भूमिका निभा रहे सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की पारी और आगामी वर्ल्ड कप के लिए इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए। सुनील गावस्कर ने कहा कि भले ही मुंबई इंडियंस क्वालीफाई नहीं कर सकी, लेकिन वर्ल्ड कप से पहले रोहित फॉर्म में हैं।

# बड़े पर्दे पर धमाका मचाने के बाद ओटीटी पर लौटी कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल खेमू ने बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर कदम रखा है। कम बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई की थी। अगर आपने बाय चांस सिनेमाघर में इस फिल्म को मिस कर दी है तो कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सिनेमाघरों के बाद फिल्म ओटीटी पर आ गई है।मडगांव एक्सप्रेस दो महीने के बाद सिनेमाघरों से उतरकर ओटीटी पर रिलीज की गई है। कॉमेडी से भरी फिल्म में मिर्जापुर के मुन्ना भैया उर्फ दिव्येंदु, अविनाश तिवारी और प्रतीक गांधी ने अपने अभिनय से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी थी। कुणाल खेमू के निर्देशन की भी कम तारीफ नहीं हुई।

22 मार्च को थिएटर्स में रिलीज हुई मडगांव एक्सप्रेस करीब दो महीने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो के इंस्टाग्राम हैंडल से जानकारी साझा की गई है। पोस्टर के साथ लिखा गया है, आखिरकार गोवा ट्रिप ने जीसी को छोड़ दिया है।

मडगांव एक्सप्रेस के ओटीटी पर आते ही फैंस खुशी से गदगद हो गये हैं। एक यूजर ने कहा, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। एक और ने कहा, फुल एंटरटेनमेंट से भरी फिल्म। जरूर देखनी चाहिए। एक और यूजर ने लिखा, फिर से दोबारा ओटीटी पर देखने जा रही है। बहुत खूबसूरत फिल्म है। एक ने कहा, सबसे क्रेजी ट्रिप। लोग फिल्म को ओटीटी पर उतरने से बहुत खुश हैं।

एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन दोस्तों की है, जो गोवा ट्रिप पर जाने की प्लानिंग करते हैं। खुशी–खुशी गोवा ट्रिप पर निकले तीन दोस्तों की जर्नी बीच में एक बड़ा टर्न लेती है जो तीनों की लाइफ बदल देती है।

## बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत ने 5 दिन में कमाए 15 करोड़ रुपये

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे सितारों से सजी फिल्म श्रीकांत बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है।दृष्टिहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला बन राजकुमार ने अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर खूब नोट छापने के बाद अब कामकाजी दिनों में इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।इसके बावजूद 40 करोड़ रुपये की लागत मे बनी श्रीकांत ने 5 दिन में 15 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। अब श्रीकांत के पांचवें दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, मंगलवार को इस फिल्म ने 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 15 करोड़ रुपये हो गया है।श्रीकांत ने 2.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक शुरुआत की थी।

# भारत का कोच बनना बेहद थकाऊ

मुंबई: भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। लैंगर आईपीएल में केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊसुपर जायंट्स के कोच हैं. लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो रहा है। लैंगर ने कहा, 'यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना।'




### बहुत ज्यादा है काम

लैंगर ने हालांकि कहा कि इंटरनेशनल स्तर पर क्रिकेट काफी ज्यादा हो रही है और इसके अलावा दूसरों की उम्मीदों का दबाव भी काफी होता है। उन्होंने कहा, 'एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है, लेकिन रोमांचक भी होगा।' उन्होंने कहा,'इसके लिए टाइमिंग सही रहने की आवश्यकता है। मैं आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार वर्ष था। यह काफी थकाऊ काम है। राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे। भारतीय टीम के लिए जीतने का दबाव बहुत अधिक है। आशा है कि जो भी अगला कोच होगा, वह इसे लेकर काफी रोमांचित होगा।'

### विश्व की बेस्ट लीग

लैंगर ने आईपीएल के दबाव की तुलना विश्व कप से करते हुए कहा कि यह विश्व की सर्वश्रेष्ठ घरेलू लीग है।

## एक नजर

### गुडिंडा में पांच दिन से नहीं मिल रहा पेट्रोल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल अंतर्गत गुडिंडा डीजल पंप पर पांच दिन से पेट्रोल नहीं मिल रहा है। जिस कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल उपलब्ध कराने की मांग की है।

सामजिक कार्यकर्ता करन कुमार, संदीप सिंह आदि ने बताया कि गुडिंडा पंप पर पांच दिन से पेट्रोल नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। कहा कि क्षेत्र के एकमात्र पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। लोग रामनगर, कोटद्वार, पौड़ी से पेट्रोल मंगाकर काम चला रहे हैं। सहायक खाद्य निरीक्षक बीरोंखाल शशिकला रावत ने बताया कि पंप संचालक को पेट्रोल उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्रामीणों ने सीखें पेपर कवर और एनवलप मेकिंग के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एसबीआई ग्रामीण प्रशिक्षण स्वरोजगार संस्थान की ओर से डुंगरी में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हो गया है। शिविर में ग्रामीणों ने पेपर कवर एवं एनवलप मेकिंग के गुर सीखें।

शनिवार को डुंगरी में ग्रामीणों को पेपर कवर एंड एनवलप मेकिंग कार्यक्रम में कई जानकारी दी गई। शनिवार को समापन अवसर पर ग्रामीणों को सरकार द्वार संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारियां भी दी गई। डुंगरी में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीणों को पेपर कवर एंड एनवलप मेकिंग का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर आरसेटी निदेशक मीनाक्षी शुक्ला ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि यह प्रशिक्षण आजीविका बढ़ाने में सहायक होगा। संस्थान के संकाय यशवंत सिंह ने उद्यम से संबंधित और उदयमिता विकास कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया।

### प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यकारिणी का किया विस्तार

चमोली : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल चमोली इकाई ने शनिवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष ईश्वरी मैखुरी ने बताया कि राकेश डिमरी, प्रकाश मिश्रा, माधव सेमवाल, सुरेश बिष्ट, दिगपाल नेगी, टीका मैखुरी, अतुल शाह, विजय डिमरी, कुंवर चौधरी को संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावा प्रेम बिष्ट, इंद्र राणा, गोपाल पंत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल नेगी, बृजेश बिष्ट को संयुक्त महामंत्री, राजेश नेगी, आयुष चौहान, प्रदीप नेगी, कैलाश खंडूड़ी, संतोष रावत, प्रकाश गुसाईं, डीएस रावत, राजेश मेहता, भगवती नंबूदरी, चरण नेगी, प्रेम बुटोला, दीपक थपलियाल, दिनेश नेगी, संतोष रावत, सुभाष रावत नौटी, विजय चमोला को जिला मंत्री, जयवीर मनराल को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। (एजेंसी)

### सीडी रेश्यो में सुधार करें बैंक : डीएम

नई टिहरी : जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति (डीएलआरसी) और आरसेटी सलाहकार समिति की शनिवार को त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने सीडी रेश्यो में सुधार के निर्देश दिए।

शनिवार को आयोजित बैठक में डीएम ने वर्ष 2023-24 के त्रैमास मार्च 2024 तक विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए वित्तीय साक्षरता शिविर, डिजिटल बैंकिंग, सीडी रेश्यो, बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही सरकार द्वारा प्रायोजित स्वरोजगार में ऋण आवंटित करने संबंधी जानकारी ली। इसके साथ ही आरसेटी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। बैठक में डीएम ने समस्त बैंकर्स को निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों पर कोई एटीएम खराब न रहे। बैंकों की वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए डाटा मिलान को लेकर आरबीआई को विश्लेषण करने को कहा। जिन बैंकों का सीडी रेश्यो कम है। उन्हें कार्य योजना बनाकर ऋण जमा अनुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। जीएम डीआईसी को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में पशुपालन और कृषि हेतु ऋण लेने वालों को चेक करने तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत वितरित लोन की पीपीटी बनाने और निरीक्षण के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार करने निर्देशित किया।

बैठक में पीडी डीआरडीए योगेश उपाध्याय, सीवीओ आशुतोष जोशी, सीएओ अभिलाषा भट्ट, डीटीडीओ एसएस राणा, जीएम डीआईसी एचसी हटवाल, डीडीएम केएन शुक्ला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# धरी रह गई निगम की योजना, सड़क पर बनी अवैध पार्किंग



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में मुख्य डाकघर के बाहर बेतरतीब तरीके से खड़े दुपहिया वाहन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में पार्किंग स्थल बनाने के लिए नगर निगम ने कुछ माह पूर्व सड़क किनारे दस से अधिक स्थानों को चिह्नित किया था। बाकायदा इसके लिए चिह्नित स्थानों पर पार्किंग शुल्क का भी प्राविधान था। लेकिन, नगर निगम की सुस्त कार्य प्रणाली से यह योजना आज तक धरातल पर रंग नहीं ला पाई। नतीजा, आज भी कई वाहन बेतरतीब तरीके से राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़क पर ही खड़े हो रहे हैं। ऐसे में कब बड़ी दुर्घटना हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को होती है।

**● राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं वाहन**

वाहनों की संख्या के साथ ही शहर में पार्किंग की समस्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। तमाम आश्वासनों के बाद भी आज तक सरकारी सिस्टम बेहतर पार्किंग व्यवस्था नहीं बना पाया है। नतीजा, बाजार आने वाले अधिकांश दोपहिया व चौपहिया वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। सफेद पट्टी के बाहर खड़े वाहनों के कारण राहगीरों को बीच सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में जहां पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं, दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। सबसे बुरी स्थिति सड़क किनारे सरकारी संस्थानों के बाहर बनी रहती है। क्षेत्रवासी मयंक भंडारी, पुष्कर सिंह ने बताया कि शहर में पार्किंग व्यवस्था बनाने के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन, हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। सबसे बुरी स्थिति शादी व त्योहार सीजन में होती है।

### रंग नहीं लाई योजनाएं

मोटर नगर में बस अड्डे के नाम पर हुए गड्ढे को भरने में नाकाम नगर निगम में कई बार पार्किंग स्थलों का चयन किया। लेकिन, यह स्थान केवल चयनित होकर ही रह गए। कुछ वर्ष पूर्व नगर निगम ने निजी वाहनों के साथ ही सवारी वाहनों के लिए देवी रोड पशु चिकित्सालय के समीप खली पड़ी अपनी भूमि पर पार्किंग स्थल बनाने का निर्णय लिया था।

लेकिन, यह योजना भी ठंडी पड़ गए। वहीं, शहर में अतिक्रमण हटने के बाद निगम ने सड़क व राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पार्किंग स्थल बनाने की बात कही। लेकिन, यह योजना भी धरातल पर कहीं नजर नहीं आई।

# छात्र-छात्राओं को मिली कंपनियों व सितारा होटल में नौकरी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार में शिक्षा ले रहे 92 छात्र-छात्राओं का चयन जानी मानी कंपनियों और सितारा होटलों के लिए हुआ है। अब यह छात्र छात्राएं उक्त संस्थानों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देकर देश की तरक्की में भागीदार बनेंगे।कॉलेज के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि कॉलेज में शिक्षा ले रहे बीसीए, बीएससी आईटी, बीबीए, बीएचएम और सीएचएम के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का कैंपस सलेक्शन हुआ है। संस्थान परिसर में गत दिनों आईटी कंपनी प्रोडेस्क, जेनरॉयड एसआर सोलूशन, एसडीएफसी बैंक, आईटी कंपनी ग्लोबल लॉजिक टैक्नोलॉजी, कैरियर प्वाइंट कोटा के अलावा सितारा होटल की श्रेणी में ताज पैलेस दिल्ली, हयात रेजिडेसी, ऑबराय ग्रुप का प्राइडेज गुडगांव, प्राइडेज जयपुर, द ऑबराय राज बिला जयपुर, क्राउन प्लाजा, द ललित कंट्रीइन आदि सितारा होटलों के एचआर अधिकारी पहुंचे थे। जिसमें कुल 92 छात्र-छात्राओं का विभिन्न पदों पर जॉब लगी है। कंपनी और होटल की ओर से छात्रों को नौकरी के पत्र दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी कंपनियों के आने का सिलसिजा जारी है। अगले सप्ताह नोयडा और चंडीगढ़ से दो आईटी की कंपनी कॉलेज में आ रही हैं। कंपनी के एचआर अधिकारी शेष छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार लेंगे। कालेज के एमडी बीएस नेगी ने विभिन्न कंपनियों और होटल में नौकरी पाने वाले छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं दीं और अन्य छात्रों से साक्षात्कार के लिए बेहतर तैयारी करने की अपील की है।

# व्यापारियों ने की स्ट्रीट लाईट लगवाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत डांग, घसिया महादेव, स्वीत गहड़ सहित आदि स्थानों पर व्यापारियों ने शनिवार को स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। स्ट्रीट लाइट को लेकर व्यापारी शनिवार को विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता से मिले।उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, डांग व्यापार के अध्यक्ष सौरभ पांडेय और मोहन सिंह रावत ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बिलकेदार, उफल्डा, पराग, भक्तियाना, कमलेश्वर मौहल्ला, श्रीकोट, घसिया महादेव धारी देवी, स्वीत, गहड़, डूंगरीपंथ में स्ट्रीट लाइट सही से काम नहीं कर रही है। जिससे गुलदार का भय बना हुआ है। कहा कि स्ट्रीट लाइट न होने के चलते गुलदार आये दिन किसी न किसी को अपना निवाला बना रहा है। उन्होंने जल्द से गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगवाये जाने की मांग की है। कहा कि मुख्य बाजार वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, कोतवाली के समीप बिजली के पोल जंक से सड़ चुके हैं।उन्होंने जल्द से जल्द विद्युत पोलों को बदल कर नये पोल लगाये जाने की मांग की। (एजेंसी)

### बच्चे का शव बरामद, गुस्साएं लोगों ने लगाया जाम

श्रीनगर गढ़वाल : गुलदार का निवाला बना तीन वर्षीय सूरज का शव शनिवार सुबह करीब 6 बजे के आसपास घर से 50 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में मिला। वन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज के शवगृह ले जाया गया। गुस्साएं लोगों ने शनिवार सुबह बुघाणी-खिर्सू मार्ग में जाम लगा दिया।

### वाटर कूलर लगवाने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** दिव्या फाउंडेशन एंड आयुर्वेदिक चिकित्सा ट्रस्ट ने नगर निगम से जोशाधरपुर क्षेत्र में वाटर कूलर लगवाने की मांग की है। कहा कि कंपनियों में कार्य करने वाले श्रमिक व स्कूली बच्चों की प्यास बुझाने के लिए नगर निगम को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। बताया कि वर्तमान में निगम की ओर से शहर में वाटर कूलर लगाए गए हैं। इससे राहगीरों कों गर्मी में प्यास बुझाने में बेहतर मदद मिलेगी। लेकिन, नगर निगम को भाबर क्षेत्र में भी वाटर कूलर लगवाना चाहिए। बताया कि भाबर क्षेत्र में कोटद्वार बाजार से अधिक जनसंख्या निवास करती है। साथ ही यहां सैकड़ों श्रमिक विभिन्न कंपनियों का कार्य करते हैं। इससे इन सभी को बेहतर लाभ मिलेगा।

# शिविर में योग के महत्व की दी जानकारी



आयोजित शिविर में योगाभ्यास करती महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति की ओर से शनिवार को निंबूचौड़ स्थित एक बारातघर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साधकों को योग के लाभ बताए गए। इस दौरान साधकों ने प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करने का भी संकल्प लिया।

शिविर का शुभारंभ राज्य प्रभारी सीमा जौहर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रोज सुबह नियमित रूप से एक घंटा योग करने पर असाध्य रोगों से मुक्ति मिल सकती है। बताया कि योग प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। योग से व्यक्ति का शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। भारत में प्राचीनकाल से ही योग की अत्यधिक महत्ता रही है। योग तनावमुक्त तथा व्याधिमुक्त जीवन जीने में सार्थक एवं अहम भूमिका निभाता है। इस मौके पर महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य शोभा रावत, जिला प्रभारी सोनिया ध्यानी, कुसुम ध्यानी, उर्मिला नैथानी, मधु गुसाईं, देवेश्वरी चौहान, कलावती बुडाकोटी और सुमन थपलियाल सहित अन्य साधक मौजूद रहे।

# पेयजल समस्या को गंभीरता, ओवरहैड टैंक व नई पेयजल लाइन का होगा निर्माण



अधिकारियों की बैठक लेती विधानसभा अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि शहर में पेयजल समस्या से निराकरण के लिए चार ओबर हैड टैंक व नई पाईप लाइन का निर्माण डीएमएस प्रणाली से करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए है।

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने शासकीय आवास में उत्तराखंड अर्बन सैक्टर डप्लामेंट ऐजेंसी वाह्रय साहायतीत परियोजना (एडीबी) के अधिकारियों के साथ बैठक की।

ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि कोटद्वार नगर निगम के वार्ड-4 से वार्ड न. 26 तक पुराना नगर क्षेत्र कोटद्वार में सम्पूर्ण जल वितरण प्रणाली में चार ओबर हैड टैंक के निर्माण व नई पाईप लाईन का निर्माण डीएमएस प्रणाली से करावाया जाएगा। नयी तकनिकी इस्काडा प्रणाली के प्रयोग से ट्यूबवैल के साथ पाईप लाईनों की देखरेख होगी। इससे लीकेज का पता समय पर चल जायेगा। वीपीआरएल कम्पनी इस परियोजना की मेंटनेस संचालन संरक्षण 18 वर्ष तक करेगी। बताया कि इस पेयजल योजना से 22 हजार परिवारों को नये कनेक्शन की सुविधा मिलेगी, साथ ही कोटद्वार शहर को जल संकट की समस्या से काफी हद तक निजात भी मिल जायेगी। बैठक में विनय मिश्रा एडिशनल प्रोग्राम डारेक्टर, जतीन सैनी परियोजना प्रबन्धक, लोकेश कुमार सहायक अभियंता, राजीव कुमार कन्सलटेंट व श्रद्धा एक्सपर्ट, आदि उपस्थित रहे।

### रोटरी ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट 24 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से युवा प्रोत्साहन कार्यक्रम एवं सामुदायिक सेवा के अन्तर्गत 24 से 26 मई तक तीन दिवसीय रोटरी ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। रोटरी अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा।

प्रतियोगिता ओपन जूनियर ब्वायज सिंगल्स, ओपन सब जूनियर ब्वायज सिंगल्स, ओपन जूनियर गर्ल्स सिंगल्स, ओपन पुरुष एकल, ओपन महिला एकल और ओपन वेटेरन्स सिंगल्स (50 वर्ष से अधिक) कैटेगरी में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का संयोजक वाईपी गिलरा और उपसंयोजक कमल गुप्ता, सचिन गोयल को बनाया गया है। टूर्नामेंट में प्रवेश व शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 22 मई है।

# छात्र प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश के लिए करें पंजीकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में शनिवार से पांच प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए छात्र-छात्राएं 31 मई तक समर्थ पोर्टल, क्यूआर कोड स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। हर कोर्स में 40 सीटें निर्धारित हैं।

राजकीय व्यवसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी प्रशासन ने स्थापना के उद्देश्य के अनुरुप युवाओं को रोजगारपरक कोर्स प्रदान किए जाने की दिशा में कवायद तेज कर ली है। महाविद्यालय में बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी फूड टेक्टनोलॉजी, बीएससी नॉन रिन्यूएबल इनर्जी, बीबीए और बीसीए में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय में बीएससी के जेडबीसी, पीसीएम, कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी पंजीकरण कर सकते हैं। इन कोर्सों के संचालन को मान्यता प्रदान किए जाने के लिए श्रीदेव सुमन विवि का पांच सदस्यीय पैनल महाविद्यालय का निरीक्षण कर चुका है।

इसके अलावा महाविद्यालय में बीएससी के विभिन्न संवर्गों में प्रवेश के लिए भी छात्र-छात्राएं पंजीकरण कर सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. डीएस नेगी ने बताया कि युवाओं को रोजगारपरक कोर्स प्रदान किए जाने के लिए व्यवसायिक पाठ्यक्रम के संचालन को महाविद्यालय की स्थापना हुई है। स्थापना के बाद पहली बार महाविद्यालय में पांच प्रोफेशनल कोर्स के संचालन को लेकर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया कि सभी कोर्स श्रीदेव सुमन विवि से मान्यता प्राप्त होंगे।

# मेधावी छात्राओं की माताएं कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कमला नेहरू पुरस्कार 2023 जनता इंटर कॉलेज चैड चैनपुर पौड़ी गढ़वाल में परिषदीय परीक्षा 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार रूपए का चैक एवम छात्राओं को सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य धनपाल सिंह रावत ने कोमल पुत्री श्रीमती विनीता देवी, निकिता पुत्री अनीता देवी, पूजा पुत्री दीपा देवी, मीनाक्षी पुत्री श्रीमती रेखा देवी को सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती वीना देवी, प्रबंधक समिति के संरक्षक संतोष गुसाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य धनपाल सिंह रावत ने पुरस्कार प्राप्त माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी होनहार बेटियों की मेहनत से उन्हें सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

प्रबंधक दीन दयाल सिंह कंडारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गोविन्द सिंह रावत, श्रीमती सरस्वती देवी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रियव्रत सिंह कंडारी ने किया।

# 1800 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ




कोटद्वार का राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की 1800 सीटों के लिए समर्थ पोर्टल पर प्रवेश आवेदन की प्रक्रिया 30 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है।

प्राचार्य प्रो. जानकी पवांर ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। वर्तमान में महाविद्यालय में चार संकाय अस्तित्व में हैं, जिसमें कला संकाय के अंतर्गत 12 (संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र , दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, चित्रकला तथा संगीत) विषयों में कुल 800 सीटें, विज्ञान संकाय के अंतर्गत दो ग्रुपों बायो वर्ग तथा गणित वर्ग में कुल 640 सीटें , वाणिज्य संकाय के अंतर्गत स्नातक स्तर पर 320 सीटें' स्ववित पोषित कोर्स बी. एस सी. बायोटेक्नोलॉजी तथा बीए पत्रकारिता में पृथक से 40 सीटें स्वीकृत है। प्राचार्य ने जानकारी दी कि पंजीकरण 30 अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो गया है तथा पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई 2024 है। उन्होंने प्रवेश के इच्छुक छात्र/ छात्राओं को समर्थ पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने को कहा।

# जयहरीखाल महाविद्यालय में प्रवेश के लिए कराएं पंजीकरण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण उपलब्ध है। छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते है। किसी भी बोर्ड से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण कर सकते है।

जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. लवली राजवंशी ने बताया कि वर्तमान सत्र से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा भी दी जाएगी। जहां रूसा के अन्तर्गत आधुनिकतम सुविधायुक्त प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास रूम, पुस्तकालय एवं जिमनेजियम है। समर्थ पोर्टल अधिकारी डॉ. कमल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में कला, विज्ञान एवं वाणित्य संकाय में प्रवेश दिये जायेगें। कला संकाय प्रवेश प्रभारी डॉ. उमेश ध्यानी ने कहा कि हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों के अध्ययन की सुविधा महाविद्यालय में है। विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित विषयों में पंजीकरण शुरू हो गये है।

### श्रीनगर में 7 दुकान संचालकों को नोटिस जारी

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा को लेकर श्रीनगर में शनिवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा फायर सिस्टम ठीक न होने पर 7 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया। वहीं खाद्य विभाग द्वारा 2 प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने भी जांच के लिए भेजे गए। पर्यटन विभाग द्वारा होटलों के मानक पूरे न होने पर 6 होटलों को नोटिस जारी किया गया। नगर निगम द्वारा 7 लोगों का सफाई न मिलने पर चालान कर 3500 रुपये अर्थदंड वसूला गया। इस मौके पर तहसीलदार धीरज राणा,मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्र सिंह खाती, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी शशि पंवार मौजूद रहे। (एजेंसी)

# हाईकोर्ट की बेंच पौड़ी में शिफ्ट की जाय

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** उत्तराखण्ड के पहाड़ी जिलों से हाईकोर्ट की बेंच स्थानांतरित करने की मांग उठने लगी है। आह्वान संस्था ने हाईकोर्ट की बेंच पौड़ी स्थानांतरित किए जाने पर जोर दिया है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि पौड़ी में हाईकोर्ट की बेंच स्थानांतरित होने से पौड़ी को जहां एक नई पहचान मिलेगी वहीं पलायन भी रूकेगा। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल ने एक बयान में कहा है कि हाईकोर्ट पौड़ी में खुलने से शहर में बड़ा बदलाव आएगा। इससे पौड़ी को पलायन की समस्या से निजात के साथ ही पर्यटन के रूप में पहचान मिल सकेगी।

उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी राय ऑनलाइन के माध्यम से देने की अपील की है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 03 एस.एल.आर:
**13010** (F-I), **19020** (F-I), **14314** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **03.06.2024 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 1510/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### एसजीआरआर के शिक्षकों ने छात्र को किया सम्मानित

चमोली : भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित लंगासू क्षेत्र के ग्वाड़ गाव निवासी सारस्वत ध्यानी ने शनिवार को एसजीआरआर कर्णप्रयाग में पहुंचकर गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनको सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बुद्धिबल्लभ डोभाल ने कहा कि सारस्वत ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाकर सफलता के टिप्स भी दिए। कहा कि दृढ़ निश्चय, कठिन परिश्रम और एकाग्रता सफलता के मूल मंत्र हैं। असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, हर असफलता के पीछे सफलता छिपी रहती है। सारस्वत ध्यानी ने यह सफलता अपने चौथे प्रयास में प्राप्त की। उनका आल इंडिया रेंक 11 रहा है। (एजेंसी)

### 31 मई तक करें पंजीकरण

नई टिहरी : फूल सिंह राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में सत्र 2024-25 स्नातक में प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि, स्नातक कला एवं विज्ञान वर्ग प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण उपलब्ध है। इच्छुक प्रवेशार्थी पोर्टल पर 31 मई से पूर्व पंजीकरण की प्रक्रिया अवश्य पूर्ण कर सकते हैं। बताया कि अंतिम तिथि के बाद पंजीकरण नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

### चौकी प्रभारी के साथ मारपीट में दो नामजद

देहरादून। किरसाली क्षेत्र में गुरुवार को दो गुटों के बीच हुए विवाद में बीचबचाव को गए एसआई के चोटिल होने के मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि गुरुवार को किरसाली चौक के पास दो पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग की सूचना मिली थी। चौकी प्रभारी एसआई शोएब अली चीता पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पता चला कि संगम और हर्षित गुर्जर के गुटों की आपस में लड़ाई हुई, जो फायरिंग के बाद भाग गए। पुलिस लड़कों की तलाश में किरसाली चौक से सहस्त्रधारा रोड होते हुए आईटी पार्क की तरफ आए तो यहां भीड़ द्वारा एक युवक को पीटा जा रहा था। बताया गया कि युवक किरसाली में विवाद में शामिल था। पुलिस ने बीच–बचाव कर किसी तरह युवक को बचाया। इस दौरान एसआई के सिर पर भी चोटें आई।

### भाजपा ने रखा नगर निगम की सभी सीटें जीतने का लक्ष्य : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शनिवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि पार्टी निकाय चुनावों में नगर निगम की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कुमाऊं दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भट्ट ने कहा कि सात दिन में उन्होंने 35 निकायों में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनावों को लेकर चर्चा की। जिसमे नगर निकाय एवं निगमों की चुनाव तैयारियों की जानकारी लेने के साथ ही आगे के लक्ष्य भी तय किए गए। उन्होंने कहा कि पार्टी अधिक से अधिक लोगों की चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित करने पर फोकस कर रही है। जिसके लिए मतदाता सूची में सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम में पार्टी पूरी सक्रियता के साथ भागीदारी निभा रही है।

### ओल्ड इज गोल्ड संगीतमय शाम का आयोजन 19 को

देहरादून। सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी ऑडिटोरियम में 19 मई को ह्यओल्ड इज गोल्ड संगीतमय शाम का आयोजन होगा। संगीतमय शाम के आयोजकों ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। आयोजक संदीप गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हम स्वरांजलि की ओर से संगीतमय शाम ह्यओल्ड इज गोल्ड नाइट का आयोजन होगा। इसमें शहर से कई गायक किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, आशा भोसले और लता मंगेशकर समेत कई मशहूर गायकों के रेट्रो बॉलीवुड गाने प्रस्तुत करेंगे।

### एनसीसी कैडेट्स को पुलिस ने बांटी ड्रेस

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में ट्रैफिक और यात्रा पंजीकरण कार्यालय में वॉलिंटियर्स के तौर पुलिस का सहयोग करने वाले एनसीसी के 41 कैडेट्स को शनिवार को नवाजा गया। उनकी हौसला अफजाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें ड्रेस और फल वितरित किए। सम्मान पाकर कैडेट्स के चेहरे खिले दिखे। उन्होंने पुलिस के साथ आमजन से जुड़ी व्यवस्थाओं में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया। शनिवार को इंद्रमणि बड़ोनी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में टीएसआई अनवर खान ने कैडेट्स को ड्रेस बांटी।

# श्री केदारनाथ धाम में उमड़ा रहा आस्था का सैलाब, आठ दिन में 2,15,930 श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम के कपाट देश–विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 10 मई 2024 को खोल दिये गये थे। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा में एक नया रिकॉर्ड/कीर्तिमान स्थापित किया है।



आठ ही दिनों में 2,15,930 श्रद्धालुओं ने बाबा श्री केदारनाथ के दर्शन कर लिए है, जिसमें से 10 हजार 70 श्रद्धालुओं ने हेली सेवा के माध्यम से बाबा केदार के दर्शन किये है तथा 47 हजार 8 सौ 6 श्रद्धालुओं द्वारा घोड़े-खच्चरों के माध्यम से तथा 1 हजार 4 सौ 28 श्रद्धालुओं ने डंडी के माध्यम से एवं 1 हजार 8 सौ 51 श्रद्धालुओं ने कंडी के माध्यम से बाबा श्री केदार के दर्शन किये है, 1 लाख 54 हजार 775 श्रद्धालुओं ने पैदल ट्रैक रूट से चलकर श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किये। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यात्रा संचालित हो इसके लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है तथा यात्रा पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किये गये है, जो किसी भी यात्री के बीमार या घायल होने की स्थिति में सूचना प्राप्त होते ही सुरक्षा बलों की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू कर उपचार हेतु नजदीकी एम.आर.पी. में पहुंचाया जा रहा है, जहां तीर्थ यात्रियों का तत्परता से उपचार किया जा रहा है तथा गंभीर स्थिति के तीर्थ यात्रियों को हायर सेंटर उपचार हेतु रेफर किया जा रहा है।

### 19 किलो डोडा पोस्त के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई टिहरी : थाना कैम्पटी पुलिस ने एक व्यक्ति को 19 किलो 100 ग्राम अवैध डोड़ा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैम्पटी पुलिस ने नैनबाग चौकी के पास वाहनों की सघन चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी नाजिम हसन पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी ग्राम पलहौड़ी पौंटा साहिब, सिरमौर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास 19 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष अमित शर्मा, प्रशिक्षु एसआई राकेश डिमरी, एएसआई प्रमोद रावत, हेका अकबर अली, कांस्टे. राजेंद्र नेगी शामिल रहे। (एजेंसी)

# 124 लोगों ने किया रक्तदान

नई टिहरी : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के भागीरथीपुरम स्थित अस्पताल में शनिवार को आईएमए देहरादून के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 124 लोगों ने रक्तदान किया।

वक्ताओं ने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। भागीरथीपुरम में अस्पताल में रक्तदान शिविर का टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय की ओर से नियमित रूप से विशेषज्ञों की देखरेख में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। ताकि जरूरतमंदों को रक्त की सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं है। ऐसे में हर व्यक्ति को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर महाप्रबंधक एमके सिंह, एआर गैरोला, विजय सहगल, डॉ. एएन त्रिपाठी, एजीएम डॉ. नमिता डिमरी, संदीप भटनागर, डीपी पात्रों, एसके साहू, आरएस राणा, प्रबंधक मनबीर सिंह नेगी, आरडी ममगाईं आदि मौजूद थे। दूसरी ओर टीएचडीसी के बहुउद्देशीय भवन में आयोजित एक दिवसीय मस्तिष्क योग कार्यशाला की शुरुआत भी ईडी एलपी जोशी ने की। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने पर जोर दिया।

दिल्ली से आए योग विशेषज्ञ सुरेश कुमार ने कहा कि वर्तमान में कार्यशैली की व्यस्तताओं, मानसिक तनाव के कारण लोग नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में मनुष्य का संतुलित मस्तिष्क शरीर का सबसे महत्वपूर्ण और उपयोगी भाग होता है। कहा कि बीमारियों की रोकथाम, बचाव हेतु योग, ध्यान एवं व्यायाम का सहारा लेते है उसी तरह मस्तिष्क को स्वस्थ रखने हेतु मस्तिष्क योग नियमित करना चाहिए। (एजेंसी)

# जंगलों को आग से बचाने का लिया संकल्प

नई टिहरी : सकलाना रेंज नरेन्द्र नगर वन प्रभाग ने वनाग्नि रोकने को राइंका मरोड़ा में गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद पांडेय की अध्यक्षता और पर्यावरण कार्यकर्ता वृक्षमित्र डा. त्रिलोक चंद्र सोनी की उपस्थिति में हुई। शनिवार को गोष्ठी में छात्रों ने प्रतिज्ञा कर जंगलों को आग से बचाने का संकल्प लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद पांडे ने कहा हमारी छोटी-छोटी लापरवाही जंगलों को जलाकर राख कर रही है। जिसमें कई प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु जलकर भस्म हो रहे हैं।

जिसका सीधा असर वातावरण पर पड़ रहा है। जिसका खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ रहा है। हम सब मिलकन इसे रोक सकते हैं। आपसी सहयोग से जंगल की आग को रोका जा सकता है। डा सोनी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

जंगल की आग की रोकथाम के लिए हर व्यक्ति की कदम बढ़ाना होगा। वन सरपंच अनुसूया प्रसाद उनियाल ने सभी वन पंचायतों से अनुरोध किया कि पूरी सक्रियता से जंगलों की आग बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस मौके पर वन दरोगा प्यार चंद रमोला, वनबीट अधिकारी हीरासिंह पंवार, वीरचंद, शैलेन्द्र पंवार, करण चंद्र, ज्योति सिंह, नवीन भारती, गिरीश कोठियाल, इंद्रदेव वशिष्ठ, अनूप थपलियाल, कुलदीप चौधरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### टीम ने यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नई टिहरी : सुचारु यात्रा व्यवस्थओं के संपादन को डीएम मयूर दीक्षित के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने शनिवार को नैनबाग क्षेत्र में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

टीम ने नैनबाग बाजार, सुमन क्यारी, मरोड़ व नैनगांव स्थित होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, जनरल स्टोर, दूध डेरी व पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण किया। जिसमें दुकानदारों को साफ-सफाई रखने, रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापारियों को बताया कि खुले खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट का होना अति आवश्यक है।

ओवर रेट को लेकर व्यापारियों को सख्त हिदायत दी। टीम में वरिष्ठ बाट माप निरीक्षक प्रदीप बिजल्वाण, पूर्ति निरीक्षक प्रवीन सेमवाल, दीपक रावत आदि शामिल रहे।

(एजेंसी)

# बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला हुई तैनात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चारधाम यात्रा को देखते चमोली जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन की ओर से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिये बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला की तैनाती की गई है। जिसके माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को चमोली बाजार में 70 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर मौके पर ही जांच की गई।



बदरीनाथ यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त भोजन की उपलब्ध करने के उद्देश्य से शनिवार को एफडीए उत्तराखंड एवं जिला प्रशासन, चमोली की संयुक्त टीम ने यात्रा मार्ग पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर तैनात मोबाईल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में बाजारों से लिए 70 खाद्य पदार्थों की नमूनों की जांच की गई। जिनमें से 13 खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। हालांकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानव के असुरक्षित नहीं पाया गया। जिस पर कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीम ने निरीक्षण के दौरान दो दुकानों में कालातीत हुई सामग्री को नष्ट करवा दिया है। अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बताया कि मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में किए गए परीक्षण की जानकारी कारोबारियों और अन्य को दी गई। साथ ही खाद्य पदार्थों गुणवत्ता को लेकर भी जानकारी दी गई। कहा कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बताया कि जनपद चमोली में खाद्य सुरक्षा को लेकर निरंतर औचक निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, उपायुक्त लैब राजेन्द्र सिंह कठायत, अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्र, कनिष्ठ खाद्य विश्लेषक मोबाईल लैब रमेश चन्द्र जोशी आदि मौजूद थे।

# अपने अधिकारों के प्रति सजग, सर्तक व जागरूक रहें

नई टिहरी : जीआईसी नैनबाग और जीआईसी घोड़ाखोरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को विधिक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में छात्रों और लोगों को कानून की जानकारियां दीं गई।




शनिवार को सरदार सिंह राइंका नैनबाग और राइंका घोड़ाखोरी में सीनियर सिविल जज और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जज त्रिपाठी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति सजग, सतर्क और जागरूक रहना चाहिए। कहा कि सजाम में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए भी लोग कानून का सहारा लें। जिसके लिए समाज के हर व्यक्ति को जागरूक भी करें। गोष्ठी में बाल श्रम, बाल विवाह, किशोर न्याय, भारतीय संविधान, बाल कल्याण, श्रमिकों के अधिकार, जंगलो में आग लगाने पर आदि विषयों पर कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां ने वाहन चलाते समय हेलमेट आवश्य पहनने की अपील की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज नेगी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जागरूकता शिविर के लिए आभार जताया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार एचएम नौटियाल, एसआई प्रेम सिंह रावत, एसआई बलदेव सिंह, जितेन्द्र गौड़, कुलवीर रावत, महावीर चौहान, अतुल नौटियाल, यशवीर रावत, राय सिंह, विपिन सकलानी, कैलाश रावत, शमशाद खान, अनामिका बहुगुणा, रीना चौहान, लक्ष्मी सेमवाल, मनोरमा मनवाल, रुचि पंवार, मोनिका नेगी, शोभा, मेघा सजवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### हरिद्वार रोड निरंकारी सत्संग भवन में होगा संत समागम

देहरादून। देहरादून के हरिद्वार बाईपास स्थित संत निरंकारी मिशन के सत्संग भवन में निरंकारी संत समागम का आयोजन रविवार को सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। जिसमें निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता की मौजूदगी में आस्थामय कार्यक्रम होगा। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने बताया कि इस समागम में दून की समस्त ब्रांचे ऋषिकेश, भोगपुर, डोईवाला, मसूरी, प्रेमनगर, सेलाकुई, विकासनगर समेत गढ़वाल, हिमाचल प्रदेश, सहारनपुर, बिजनौर, हरियाणा, दिल्ली से लगभग बीस हजार से पचीस हजार की संगतें पहुंचने का अनुमान है। जिसमें ट्रैफिक, पंडाल, लंगर, प्याऊ इत्यादि सेवाओं को सुन्दर रूप देने के लिए सेवादल को गाइड लाइन दी जा रही है। संत निरंकारी मिशन का उद्देश्य सदैव से यही रहा है कि संसार के प्रत्येक मनुष्य में केवल प्रेम और मिलकर रहने की भावना सुदृढ़ रहे। समागम का मुख्य आकर्षण केंद्र ब्रह्मज्ञान कक्ष रहेगा।

# भाईचारे को मजबूत करने के लिए निकलेगी जाट संवाद यात्रा

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की ओर से इस बार भी देशभर में जाट संवाद यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा आपसी भाईचारे को मजबूत करने के निकाली जाएगी। शनिवार को जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर संवाद यात्रा की जानकारी दी। जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही है। कहा कि जाट समाज वर्तमान में सामाजिक और राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है, जाट समाज के सामाजिक भाईचारे की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है, इन सब हालातों पर चर्चा कर कौम के जागरूक और सक्रिय लोगों को जाट संवाद यात्रा से जोड़ा जाएगा। इस दौरान कौम के गौरवशाली इतिहास, सभ्यता संस्कृति और युवाओं को जाट इतिहास के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष टोनी वर्मा ने कहा कि पूरे उत्तराखंड प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संगठन को मजबूत करने और गांव देहात तक संगठन का संगठनात्मक संरचना तैयार कर जाट समाज को जोड़ा जाएगा।

### नैनीडांडा शंकरपुर सड़क को ठीक कराने की मांग

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को पत्र लिखकर नैनीडांडा विकासखंड के शंकरपुर –नैनीडांडा मार्ग को तत्काल ठीक करने की मांग की है। धीरेंद्र प्रताप ने अपने पत्र में कहा है कि इस मोटर मार्ग के खस्ता हालत होने के चलते गढ़वाल मोटर ऑनर्स यूनियन ने यहां अपनी बसों का संचालन बंद कर दिया है,

# गैरसैंण में होगी अगली मूल निवास स्वाभिमान महारैली

देहरादून। मूल निवास भू–कानून समन्वय संघर्ष समिति लोकसभा नतीजों के बाद गैरसैंण में मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकालेगी। शनिवार को देहरादून स्थित शहीद स्मारक पर हुई समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति के सह संयोजक लूशुन टोडरिया ने बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि हम मूल निवास भू कानून की मांग को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

आचार संहिता लागू होने की वजह से प्रदेश भर में इस मुद्दे पर आंदोलन करने की अनुमति नहीं मिल रही थी। अब चुनाव के बाद जनता की राजधानी गैरसैंण से आंदोलन फिर से शुरू होगा। इस आंदोलन को पूरे प्रदेश में गांव–गांव तक पहुंचाया जाएगा। समिति के कोर मेंबर प्रांजल नौडियाल ने कहा कि जब तक सरकार इस मांग को पूरा नहीं करती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। राज्य आंदोलनकारी मोहन सिंह रावत ने कहा कि जल जंगल जमीन की लड़ाई अब निर्णायक रूप ले चुकी है।

चुनाव नतीजों के बाद यह लड़ाई दोगुनी गति से लड़ी जाएगी। उत्तराखण्ड क्रांति दल की महामंत्री मीनाक्षी घिल्डियाल ने खलंगा के जंगल को काटने की योजना का हवाला देते हुए जल, जंगल जमीन को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय रीजनल पार्टी के अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल और समिति के कोर मेंबर प्रमोद काला आंदोलन की एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में तय हुआ कि गैरसैंण में महारैली से पहले स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी क्रांति कुकरेती, देवभूमि युवा सगंठन के अध्यक्ष आशीष नौटियाल, पहाड़ी स्वाभिमान सेना के पंकज उनियाल, एसएफआई प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेथा, राज्य आंदोलनकारी अम्बुज शर्मा, छात्र नेता आयुष ध्यानी मौजूद रहे।

### 200 लोगों ने दंत परीक्षण करवाया

ऋषिकेश। पूर्व प्रधान स्व. प्रेम सिंह बिष्ट के 75वें जन्म दिवस पर शनिवार को इंद्रानगर विस्थापित में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 200 लोगों ने दांतों का परीक्षण करवाया।

### भाजपा की जनविरोधी नीतियों को विरोध करेगी कांग्रेस : जोशी

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सहस्त्रधारा में स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार अपनी हार को देखते हुए निकाय चुनावों को टाल रही है, निकायों में प्रशासकों को बैठाकर अपना कब्जा करना चाहती है, जिसका कांग्रेस पार्टी जबरदस्त विरोध करेगी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों को छुपाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना कर जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। सरकार ने दस वर्षों के कार्यकाल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेहताशा बढ़ोत्तरी की है और आज महंगाई चरम पर है।

# ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बैंच को विधायकों का समर्थन

देहरादून। भाजपा के विधायकों ने आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खेलने को लेकर अपना समर्थन दिया है। शनिवार को विधायक कचहरी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिले।

निर्णय लिया गया कि जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी। शनिवार को विधायक रायपुर उमेश शर्मा काऊ, राजपुर विधायक खजानदास, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, कैंट विधायक सविता कपूर कचहरी पहुंचे और एसोसिएशन से वार्ता की। एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राजीव शर्मा और सचिव राजबीर सिंह बिष्ट ने बताया कि उनकी मसूरी विधायक गणेश जोशी, विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार से फोन पर बात हुई। शहर से बाहर होने के कारण वो वार्ता में नहीं आ पाए। लेकिन उन्होंने फोन पर ही पूरा समर्थन दिया है। विधायकों ने बताया कि वो जल्द मुख्यमंत्री से वार्ता का समय लेंगे और एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ उनसे मुलाकात की जाएगी। विधायकों ने जोर दिया कि हाईकोर्ट के मामले में गढ़वाल और कुमाऊं से बेहतर हम ऋषिकेश में बेंच खेलने पर फोकस करें। उन्होंने ऑनलाइन भी अपना समर्थन दर्ज किया है। विधायकों के अलावा पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल, पूर्व विधायक भीमलाल आर्य ने भी अपना समर्थन दर्ज कराया। मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिसौदिया, अनिल सिंह बिष्ट, ललित भंडारी, सुयश कुकरेती, दीपक त्यागी आदि मौजूद थे।

ऑनलाइन मांगे एक हैं सुझावः बता दें हाईकोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट करने के लिए आम लोग अपनी सहमति या असहमति ऑनलाइन दे सकते हैं। जनमत जुटाने के लिए हाईकोर्ट की वेबसाइट पर लिंक दिया गया है। हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने सरकार से स्थान के सुझाव मांगे हैं। गढ़वाल मंडल के अधिवक्ता हाईकोर्ट को ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल बिल्डिंग परिसर में लाने का समर्थन कर रहे हैं। वहीं, कुमाऊं मंडल के अधिवक्ता हाईकोर्ट शिफ्टिंग के विरोध में हैं।

# महासू देवता मंदिर हनोल में फिल्माए गए फिल्म मेरे गांव की बाट के दृश्य

विकासनगर। बड़े पर्दे की जौनसारी फिल्म ह्यमेरे गांव की बाट की शूटिंग शनिवार को हनोल स्थित महासू मंदिर में की गई। यहां फिल्म के उन दृश्यों को फिल्माया गया, जब विवाह के बाद फिल्म में हीरो के बड़े भाई परिवार के साथ अपने इष्ट देव के दर्शन करने और अपनी मन्नतें मांगने के महासू धाम हनोल में माथा टेकते हैं।फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर केएस चौहान ने कहा कि जौनसार बावर ही नहीं, बल्कि जौनपुर रवाई और हिमाचल के लोगों की भी महासू देवता के प्रति अथाह श्रद्धा है। इसलिए लोग हर पावन अवसर पर यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि जौनसारी फिल्म ह्यमेरे गांव की बाट के गीतों की अधिकतर शूटिंग बावर क्षेत्र में हो रही है। कहा कि जौनसार बावर में फिल्म बनाने का उद्देश्य यहां के अत्यंत सुंदर स्थानों को प्रचारित–प्रसारित करना है। इससे



यहां तीर्थाटन और पर्यटन बढ़ेगा और साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। फिल्म में अभिनय करने वाले सभी कलाकार भी जौनसार बावर के विभिन्न क्षेत्रों से हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के निर्माण के बाद फिल्म के क्षेत्र में काम करने वाले कलाकारों के लिए कई संभावनाएं बढ़ेगी। महासू मंदिर हनोल में फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म के अभिनेता अभिनव चौहान, अभिनेत्री प्रियंका, मधुबाला पंवार, श्रीचंद शर्मा, रीना चौहान, अमित चौहान, आकृति जोशी, जीत सिंह चौहान के साथ ही फिल्म के लेखक एवं निदेशक अनुज जोशी, मुख्य सहायक निदेशक दीपक नेगी, कैमरामैन हरीश नेगी, अमित वी कपूर, प्रोड्यूसर मैनेजर विजय वी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया

विकासनगर। जैन बालिका इंटर कॉलेज में ब्लॉक के सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के तहत शिक्षा सत्र 2023–24 में सेवानिवृत्त हुए 29 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहीं खंड शिक्षाधिकारी विनीता नेगी कठैत ने कहा कि जिस व्यक्ति की आत्मा से दूसरी आत्मा में शक्ति का संचार होता है, वह शिक्षक कहलाता है। शिक्षक सम्मान का अधिकारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के हाथों में वह शक्ति हैं जो किसी भी शक्तिशाली राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष के पास भी नहीं है। लिहाजा ज्ञान से बढ़कर कोई दान नहीं हैं। सेवानिवृत्ति जैसा कोई शब्द नहीं होता। कहा कि शिक्षक ही समाज का आईना होता है। वह अपने ज्ञान के प्रकाश से राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य रेखा अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका हो सकती है। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हुए सभी शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मान समिति के अध्यक्ष संतराम जिनाटा, प्राशिसं के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत, जूहाशिसं के जिलाध्यक्ष सूरज मंद्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा चौहान, प्रवीण वर्मा, जिला मंत्री बीरबल कश्यप, कमल सुयाल, रणवीर तोमर, आरएन रतूड़ी, योगेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com